ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

०१, सैक्टर – नॉलेज पार्क ०४, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला – गौतमबुद्ध नगर (उ०प्र०)

पत्रांकः म०प्र०(अभियन्त्रण)/२०२०/ 806 दिनांकः 31 जुलाई, २०२०

श्री श्रीपाल सिंह,
वरिष्ठ प्रबन्धक (अभियन्त्रण-सीवर)
ग्रेटर नौएडा।

श्री आर० ए० गौतम,
वरिष्ठ प्रबन्धक (अभियन्त्रण-जल)
ग्रेटर नौएडा।

श्री अजय कुमार राय,
प्रभारी वरिष्ठ प्रबन्धक (उद्यान)
ग्रेटर नौएडा।

विषयः **दिनाँक २६.०७.२०२० को सांय ३.०० बजे मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आर०डबल्यू०ए० प्रतिनिधियों के साथ विडियो कान्फ्रैन्सिंग के माध्यम से सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त बैठक में आपके वर्क सर्किल से सम्बन्धित बिन्दुओं पर निम्नानुसार कार्यवाही की जानी हैः-

क0 सं0	बिन्दु	कार्यवाही
1.	सैक्टर-37, ग्रेटर नौएडा के आर0डबल्यू0ए0 अध्यक्ष श्री जय सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि पानी की सप्लाई वर्तमान में दो समय ही की जा रही है, जिसकी अवधि और अधिक बढाने हेतु अनुरोध किया गया।	इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आर0डबल्यू0ए0 अध्यक्ष/प्रतिनिधियों से साथ समन्वय स्थापित करते हुए जलापूर्ति की अवधि बढाये जाने के सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
2.	सैक्टर-ओमीक्रॉन 2, ग्रेटर नौएडा के आर0डबल्यू0ए0 अध्यक्ष श्री सतीश भाटी द्वारा अवगत कराया गया कि पानी की सप्लाई वर्तमान में दो समय ही की जा रही है, जिसकी अवधि और अधिक बढाने हेतु अनुरोध किया गया।	इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आर0डबल्यू0ए0 अध्यक्ष/प्रतिनिधियों से साथ समन्वय स्थापित करते हुए जलापूर्ति की अवधि बढाये जाने के सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
3.	आर0डबल्यू0ए0 के पदाधिकारियों द्वारा पार्कों की बाउण्ड्रीवॉल, पाथवे एवं हट की मरम्मत कराये जाने तथा सभी सैक्टरों में रोपित पेडों की कटाई-छँटाई (Prunning) कराये जाने का अनुरोध किया गया।	इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि समस्त सैक्टरों में सिविल एवं उद्यानिक अनुरक्षण कार्यों के Composite आगणन पर शीघ्र कार्यवाही कर ई-निविदा आमन्त्रित कराया जाना सुनिश्चित करें।
4.	आर0डबल्यू0ए0 के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामों में बने सैप्टिक टैंक के सीवर को टैंकरों द्वारा नाले में डाल दिया जाता है।	इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि ग्रामों में बने सैप्टिक टैंक के सीवर को सीधे एम0पी0एस0 में डाले जाने हेतु शीघ्र कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

अतः उपरोक्तानुसार बिन्दुओं पर शीघ्र कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

(समाकान्त श्रीवास्तव)
महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण)

प्रतिलिपिः-

- स्टॉफ आफीसर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (डी०/जी०) महोदय को सादर सूचनार्थ।
- वरिष्ठ प्रबन्धक (अर्बन सर्विसेज) को इस निर्देश के साथ कि उक्त समस्त बिन्दुओं को कार्यवृत्त में सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करें।।

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण)